


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | R. No.: **MAH-HIN-10169**



वर्ष : 1 | अंक : 34 — गोंदिया : गुरुवार, 1 से 7 अप्रेल 2021 — पृष्ठ : 4 — मूल्य : रु. 5

## महिला राजनौतिक पदाधिकारियों के परिजनों का शासकीय कार्यो में बढ़ता दखल

### अधिकारियों व कर्मचारियों पर जमाई जाती धौंस । सरपंच के पति से प्रताड़ित ग्राम विकास अधिकारी ने की आत्महत्या

**नवीन अग्रवाल** – राजनीति के क्षेत्र में हमेशा से ही पुरुषों का वर्चस्व रहा है। लेकिन पंचायत राज के अमल में आने के पश्चात राजनीति में ५० प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया गया है। जिससे वे भी अब कुछ वर्षों से राजनीति में आई हैं। लेकिन अब भी महिलाओं के राजनीति में निर्वाचन या पदाधिकारी बनने पर अधिकांश महिलाएं मात्र रबर स्टॉम्प साबित होती है। उनके स्थान पर उनके परिजन सत्ता पर अपनी हुकुमत चलाते हुए शासकीय कार्यों में दखल देकर अधिकारियों व कर्मचारियों पर धौंस जमाई जाती है। इसीके चलते गोरेगांव तहसील की एक ग्राम पंचायत में सरपंच के पति से प्रताड़ित होने पर ग्राम विकास अधिकारी द्वारा आत्महत्या कर ली।

गौरतलब है कि भारत के लोकतंत्र की पहचान संपूर्ण विश्व में होती है, जहां राजनीति में सबको समान अधिकार दिए गए है। कुछ समय पूर्व राजनीति क्षेत्र में पुरुषों का ही वर्चस्व था। लेकिन महिलाओं को समान अधिकार देने के लिए ग्राम पंचायत, नगर परिषद, नगर पंचायत, जिला परिषद जैसे क्षेत्रों में ५० प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया जिससे वे भी इस क्षेत्र में पुरुषों के कदम से कदम मिलाकर चल सकें। लेकिन आज भी इस क्षेत्र में अधिकांश महिला निर्वाचित या पदाधिकारी बनने पर मात्र रबर स्टॉम्प ही साबित होती हैं, जहां पदासिन महिला के नाम पर उसके परिजनों जिसमें पति, पुत्र, भाई, देवर या अन्य जैसे रिस्ते में आनेवाले पुरुषों द्वारा राजनीति कर शासकीय कार्यों में दखल देते हुए कार्य करते हैं। जिसमें अनेकों बार गलत कार्यों के लिए भी शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों पर दबाव बनाकर दबंगई की जाती हैं। जिससे शासकीय अधिकारी व कर्मचारियों को शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित होना पड़ता हैं। इस प्रकार का नजारा आए दिन जिले में अलग-अलग स्थानों पर देखने को मिलता हैं, जहां पुरुष प्रतिनिधि ही अपने आपको सरपंच या पदाधिकारी समझने लगता है वह उसी प्रकार का व्यवहार शुरु कर देता है।

इसी प्रकार की एक घटना में गोंदिया जिले के गोरेगांव तहसील के अंतर्गत आनेवाली ग्राम पंचायत कुरहाड़ी के ग्राम विकास अधिकारी शिवकुमार चैतराम रहांगडाले (५३) द्वारा जहर खाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के पूर्व ग्राम विकास अधिकारी द्वारा अपने सुसाई पत्र में आरोप लगाया था कि ग्राम की महिला सरपंच के पति मार्कंड पारधी जो पेशे से स्वंय शासकीय कर्मचारी भी है जिनके द्वारा गत एक वर्ष से बोगस काम व झुठे बिल की राशि में बढ़ोत्तरी करने के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। जिससे त्रस्त होकर २४ मार्च को घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिसे उपचार के लिए दाखिल किया गया लेकिन उपचार के दौरान २९ मार्च को उसकी मौत हो गई। जिसपर ३० मार्च को परिजनों द्वारा मृतक के शव को गोरेगांव के पुलिस थाने में रखकर आरोपी पर कार्यवाई की मांग के लिए आंदोलन भी किया गया था। जिसपर न्यायालय द्वारा शाम को आरोपी की जमानत रद्द कर गिरफ्तार करने का आदेश दिया। जिसके पश्चात मृतक के शव का अंतिम संस्कार हो पाया।





विशेष यह है कि जिले में इस प्रकार के मामले अधिकांश ग्राम पंचायतों, नगर परिषदों में आए दिन देखने को मिलते हैं। जहां महिला पदाधिकरी के परिजनों द्वारा संबंधित क्षेत्र में कर्मचारियों के साथ विवाद व हाथापाई होती रहती है। लेकिन अधिकांश मामलों में राजनीतिक दबाव के चलते मामलों को दबा दिया जाता हैं।

### महिला पदाधिकारी की हो सकती है सदस्यता रद्द

**नगर परिषद, नगरपालिका के क्षेत्र में महिला पदाधिकारी के परिजनों द्वारा शासकीय कार्य में हस्तक्षेप के मामले अधिक सामने आने पर शासन द्वारा २० जुलाई १९९३ को जारी किए गए आदेश महाराष्ट्र नगर पालिका अधिनियम १९६५ धारा ८१ (८) के अनुसार सभा या शासकीय कार्य में महिला प्रतिनिध के परिजन उपस्थित नहीं रह सकते तथा वे हस्तक्षेप नहीं कर सकते यदि इस प्रकार का मामला सामने आने पर इसकी शिकायत लिखित रुप से दिए जाने पर उपरोक्त महिला सदस्य की सदस्यता भी रद्द हो सकती है।**

## जिले में रेती घाटों की ई-निलामी

**गोंदिया** – राजस्व विभाग तथा वनविभाग द्वारा जारी किए गए परिपत्रक अनुसार ३० सितंबर २०१९ वर्ष २०२०-२१, २०२१-२२ व २०२२-२३ इन तीन सालों में राज्य स्तरीय पर्यावरण प्राधिकरण के तहत मान्यता प्राप्त २ रेती घाटों की ई- टेंडर तथा ई-निलामी के माध्यम से फिर भेजा जाना है। उक्त पंजीकरण प्रक्रिया ३१ मार्च २०२१ से ऑनलाईन शुरु होंगा तथा ६ अप्रैल को शाम ६ बजे ऑनलाईन पंजीकरण बंद हो जाएगा। ई टेंडर की प्रक्रिया ७ अप्रैल को सुबह १० बजे शुरु होंगी। ई-टेंडर ऑनलाईन प्रणाली ६ बजे बंद होंगी तथा १५ अप्रैल को प्रत्येक रेती घाटों का ई-निविदा डाऊनलोड कर जिलाधिकरी कार्यालय सभागृह में ई-निविदा खोली जाएगी।

## नप टैक्स वसूली अभियान अंतर्गत, बीएसएनल कार्यालय सहित दो संपत्ति सील





गोंदिया नगर परिषद द्वारा टैक्स वसूली अभियान के अंतर्गत ३० मार्च को सुभाष गार्डन के पास स्थित बीएसएनल के कार्यालय को सील किया गया। जिस पर वर्ष २०१८-१९ से ५ लाख ५० हजार ७३२ रुपये का टैक्स बकाया था। विशेष यह है कि इसके पूर्व दिसंबर माह में भी कार्यालय को सील किया गया था। लेकिन उस समय बीएसएनएल के अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से ३० दिन की समय अवधि लिखित रुप से मांगी थी। लेकिन मांगी गई अवधि में टैक्स जमा नहीं किए जाने के चलते फिर से कार्रवाई की गई। इसके अलावा अन्य दो संपत्तियों जिसमें चंद्रशेखर वार्ड निवासी भोजराज ठाकरे जिन पर २००३ से १,३९,१३८ रुपए तथा आजाद वार्ड निवासी गोविंद सदाशिव मेश्राम जिन पर वर्ष २०११ से अब तक ७३,१६४ रुपए का टैक्स बकाया था को सील किया गया। उपरोक्त अभियान नगर परिषद के मुख्य अधिकारी करण चौहान के मार्गदर्शन में उपमुख्य अधिकारी व टैक्स अधीक्षक विशाल बनकर तथा टैक्स विभाग के कर्मचारियों द्वारा की गई।

## कोरोना संक्रमण रोकने, करे सूक्ष्म नियोजन - जिलाधिकारी मीणा



### कोरोना प्रतिबंधक उपाय योजना की समीक्षा सभा

गोंदिया - राज्य शासन द्वारा दी गई मार्गदर्शक सूचना के अनुसार जिले में कोरोना संक्रमण रोकने के लिए उपाय योजना की जा रही है। जिले में कोरोना प्रादुर्भाव रोकने के लिए सभी शासकीय यंत्रणा सजग रहकर सूक्ष्म नियोजन करें ऐसा निर्देश ३१ मार्च को जिलाधिकारी कार्यालय के सभागृह में कोरोना प्रतिबंधक उपाय योजना की समीक्षा सभा के अवसर पर जिलाधिकारी दीपक कुमार मीणा ने दिए।

आगे उन्होंने बताया की आरटीपीसीआर व आरएटी जांच, कंटेनमेंट जोन घोषित करने, जिन क्षेत्र में १५ से अधिक नागरिक कोरोना संक्रमित पाए जाते हैं उस क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर कोरोना की जांच करने, गृह अलगीकरण, नागरिकों की जानकारी लेने वह उन पर नियंत्रण रखने, भीड़ का प्रमाण कम करने, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व राजस्व यंत्रणा को क्रियान्वित करने, हॉटस्पॉट निश्चित करने, निजी व शासकीय चिकित्सालय में कोरोना संक्रमितो की जानकारी सांकेतिक स्थल पर जाहिर करने, कोविड-१९ में आवश्यक होने वाली ऑक्सीजन का स्टाक भरपूर प्रमाण में रखा जाए, इन सब विषयों पर चर्चा कर इन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

आयोजित सभा में जिप के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप कुमार डांगे, पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे, अपर जिलाधिकारी राजेश खवले, उपजिला अधिकारी सुभाष चौधरी, निवासी उपजिला अधिकारी जयराम देशपांडे, नप मुख्य अधिकारी करण चौहान, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नितिन कापसे, अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. प्रशांत तुरकर, मेडिकल अधीक्षक डॉ. दिलीप गेडाम, आपदा व्यवस्थापन अधिकारी राजन चौबे, जिला विज्ञान सूचना अधिकारी पंकज गजभिए व माविम के समन्वयक अधिकारी सतीश मारकंडे उपस्थित थे।

## देसी पिस्तौल, तीन पर मामला दर्ज

### लोकल क्राइम ब्रांच की कार्रवाई



गोंदिया शहर पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले लालपहाड़ी के समीप अपराध के उद्देश्य से घूम रहे दो आरोपियों की गुप्त जानकारी प्राप्त होने पर लोकल क्राइम ब्रांच द्वारा कार्रवाई कर आरोपियों के पास से देसी बनावट की लोहे की पिस्तौल बरामद कर उनके एक सहयोगी सहित तीन आरोपियों को हिरासत में लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार होली व रंग पंचमी उत्सव के दौरान शांति व व्यवस्था तथा पूर्व की घटनात्मक पार्श्वभूमि को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे द्वारा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों व अवैध धंधे पर कार्रवाई करने की का निर्देश दिया था। इसी के अंतर्गत लोकल क्राइम ब्रांच के विशेष पथक को गुप्त जानकारी प्राप्त हुई की गोंदिया शहर पुलिस थाना अंतर्गत लालपहाड़ी के समीप दो संदेहास्पद व्यक्ति मयूर उमेश उपाध्याय (१९) तथा मयूर प्रेमलाल गजभिए कुंभारे नगर निवासी को हिरासत में लेकर पंचों के समक्ष तलाशी लिए जाने पर आरोपी क्रमांक २ के कमर में एक देसी बनावट की लोहे की पिस्तौल, व २ एंड्राइड मोबाइल कुल ५५ हजार रुपए का माल बरामद किया। जिनसे पूछताछ किए जाने पर उपरोक्त पिस्तौल कुंभारे नगर निवासी धम्मदीप गजभिए की बताई। परंतु पिस्तौल कहां से लाए तथा पास में रखने का क्या उद्देश्य हैं, इसकी पूछताछ किए जाने पर आरोपियों द्वारा समाधानकारक जवाब नहीं दिया गया जिसके पश्चात आरोपियों के खिलाफ शहर पुलिस थाने में धारा ३, २५ भारतीय हथियार कानून १९५९ के तहत मामला दर्ज किया गया। उपरोक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विश्वकप पानसरे, अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुलकर्णी के मार्गदर्शन में लोकल क्राइम ब्रांच के निरीक्षक बबन आव्हाड के नेतृत्व में पोहवा राजेंद्र मिश्रा, अर्जुन कावडे, भुवनलाल देशमुख, पोना चितरंजन कोडापे, नेवालाल भेलावे, दीक्षित दमाहे, पालंदुरकर, धनंजय शेंडे द्वारा की गई।

### शासकीय चिकित्सालय से बिना वैक्सीन लगाएं

## बैरंग लौटे वरिष्ठ नागरिक

### जिलाधिकारी का अजीब फरमान – मेरे बिना मंजूरी के वैक्सीन का वितरण नहीं



गोंदिया - कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए शासकीय चिकित्सालय में वरिष्ठ नागरिकों को वैक्सीन लगाई जा रही है। लेकिन ३१ मार्च को सुबह १० बजे से लाईन में लगे सैकड़ों वरिष्ठ नागरिक शासकीय चिकित्सालय से बिना वैक्सीन लगवाए बैरंग लौटे। इस संदर्भ में जब अधिक जानकारी प्राप्त की गई तो गोंदिया के जिलाधिकारी द्वारा एक अजीब फरमान जारी किया गया है, उनकी सही के बिना किसी को भी वैक्सीनेशन नहीं दिया जाए। जिसके चलते दोपहर १२ बजे तक वैक्सिंन वितरण पर जिला अधिकारी के साईन सही नहीं होने के चलते शासकीय चिकित्सालय में वैक्सीन नहीं हो पाया। विशेष यह है कि एक ओर तो सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण से लड़ने के लिए वैक्सीनेशन का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। लेकिन वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार का फरमान जारी करने से कार्य में बाधा निर्माण हो रही है। इस संदर्भ में पार्षद व सभापति बंटी पंचबुद्धे व शहर भाजपा द्वारा संबंधित दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की है।

## होली पर प्राकृतिक पलाश के रंग वितरित

### योग वेदांत महिला उत्थान समिति का सराहनीय कदम

गोंदिया - होली रंगपंचमी के उत्सव पर पूरे देश में गुलाल व रंगों की धूम रहती है। कुछ मिलावटखोर अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में गुलाल व रंगों में जानलेवा केमिकल मिलाकर लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते है। योग वेदांत समिति व महिला उत्थानअहमदाबाद की गोंदिया शाखा अध्यक्ष कुमारी एकता अनवानी, उपाध्यक्ष रेखा बजाज, कोषाध्यक्ष दिव्या डोडानी, सचिव सोनी ककवानी, कशिश गोपलानी, वर्षा केशवानी, मुस्कान छुटलानी, लता अनवानी, मनीषा केवलानी, आशा वरदानी, लाज पिर्थयानी द्वारा हर्बल प्राकृतिक पलाश के रंग जो की स्वास्थ्य के हिसाब से लाभकारी है। हर्बल पलाश शरबत होली की महिमा पुस्तक यह सामग्रियां गोंदिया शहर जिल्हा यातायात प्रभारी दिनेश तायड़े, पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, पार्षद व जिल्हा महिला अघाड़ी अध्यक्ष भावना कदम, सिन्धी जनरल पंचायत अध्यक्ष सजनादास वाधवानी, पार्षद दिलीप गोपलानी, पार्षद कल्लू यादव, बढ़ते कदम अध्यक्ष सुनील पृथ्यानी इन्हें होली इसके लाभ व होली की महिमा यह सब सामग्रियां महिला मंडल अध्यक्ष कुमारी एकता अनवानी, उपाध्यक्ष रेखा बजाज, कोषाध्यक्ष दिव्या डोडानी, कशिश गोपलानी, सचिव सोनी ककवानी व सदस्य वर्षा केशवानी, मुस्कान , लता अनवानी, मनीषा केवलानी, आशा वरदानी,लाज पृथ्यानी, समाजसेवी विनोद चांदवानी (गुड्डु), मनीष वाधवानी द्वारा वितरित किय गए।



## रिश्वत मामले में अभियंता को ४ वर्ष का सश्रम कारावास १० हजार का जुर्माना

गोंदिया पंचायत समिति में कार्यरत कंत्राटी अभियंता ओमप्रकाश चुन्नीलाल डहाट को १५०० रुपये की रिश्वत लेने के मामले में जिलासत्र न्यायाधीश आर.बी.शुक्ला द्वारा दोषी करार देते हुए दो अलग-अलग धाराओं में चार-चार वर्ष का सश्रम कारावास व पांच-पांच हजार रुपये इस प्रकार १० हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

गौरतलब है कि फरियादी सतोना निवासी श्यामलाल भैयालाल राहंगडाले को शासकीय योजना के अंतर्गत कुए की मंजूरी प्राप्त हुई थी जिसके तीसरे बिल की राशि २२ हजार ९४५ मंजूर करने के लिए तत्कालीन कंत्राटी अभियंता ओमप्रकाश डहाट पंचायत समिति गोंदिया द्वारा बिल मंजूर के लिए १५०० रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इस संदर्भ में फरियादी द्वारा ४ अगस्त २०१५ को गोंदिया एंटी करप्शन ब्यूरो में मामला दर्ज करवाया। जिसमें फोन रिकॉर्ड के आधार पर रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि होने पर ७ अगस्त २०१५ को गोंदिया पंचायत समिति में दोपहर ३.०० बजे के दौरान पंचों के समक्ष आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों धर दबोचा गया था।

## संपादकिय

# फिर मंडराता संकट

सरकार ने आगामी १ अप्रैल से कोविड-१९ टीकाकरण अभियान में नए आयु वर्ग को शामिल करते हुए अब ४५ वर्ष से ऊपर के सभी नागरिकों को टीके लगवाने की इजाजत दे दी है। यकीनन, यह सुकूनदेह खबर है और इससे टीकाकरण की रफ्तार बढ़ेगी। अब तक ६० साल से ऊपर के ही सभी लोगों को यह सुविधा हासिल थी। अलबत्ता, दूसरे गंभीर रोगों के कम उम्र मरीजों को भी टीके लगवाने की छूट थी। लेकिन जिस तेजी से देश में फिर से संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए इसका दायरा बढ़ाने की जरुरत महसूस की जा रही थी। पंजाब के मुख्यमंत्री केप्टन अमरिंदर सिंह ने केंद्र से अपील की थी कि नौजवानों को भी टीके लगवाने की इजाजत दी जाए। पंजाब उन सूबों में एक है, जहां कोरोना की नई लहर ज्यादा चिंता पैदा कर रही है। हालात की गंभीरता का अंदाज इसी से लग जाता है कि मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी है कि राज्य में पहले ही कई पाबंदियां लगी हैं और यदि लोग कोविड-प्रोटोकॉल के प्रति संजीदा नहीं हुए, तो सरकार और प्रतिबंधों के लिए बाध्य होगी।

आज से ठीक एक साल पहले भारत में पहले लॉकडाउन की शुरुआत हुई थी। उसके बाद देश किन-किन कठिनाइयों से जूझा, उसे याद दिलाने की जरुरत नहीं होनी चाहिए, क्योंकि हम सबके जेहन से वह अभी उतरा भी नहीं है। लेकिन टीकाकरण अभियान की शुरुआत के समय देश-दुनिया के तमाम विशेषज्ञों ने आगाह किया था कि टीके के साथ-साथ एहतियाती उपाय जारी रहने चाहिए, मगर उस मोर्चे पर हुई लापरवाही की तस्दीक आंकड़े कर रहे हैं। पिछले २४ घंटों में देश में नए पॉजिटिव मामलों की संख्या ४०,७०० के ऊपर चली गई है। अकेले महाराष्ट्र में लगभग २५,००० मामले रोजाना आने लगे हैं। पंजाब, गुजरात, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और तमिलनाडु म् भी तेज उभार दिख रहा है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि यदि अगले कुछ दिनों में भी यह वृद्धि जारी रही, तो राज्य सरकार मुंबई और कुछ अन्य शहरों में पूर्ण लॉकडाउन जैसे विकल्प पर विचार करेगी। यानी एक साल बाद आज हम फिर उसी मोड़ पर खड़े हैं, जहां एक अनिश्चितता हमारे ऊपर डोलने लगी है। तब तो हमारे पास कोई दवा, वैक्सीन नहीं थी, जबकि आज देश में करीब पांच करोड़ लोगों को टीके की पहली खुराक मिल चुकी है, बल्कि कई लोगों को तो दोनों खुराकें मिल चुकी हैं और अब रोजाना टीके लेने वालों की तादाद भी ३० लाख के पार जा चुकी है। ऐसे में, इस समय देश को अपने नागरिकों के सच्चे सहयोग की दरकार है। कोविड-प्रोटोकॉल का ईमानदारी से निबाह ही इस समय सबसे बड़ा देशप्रेम है।

याद रखें, लॉकडाउन जैसी कोई भी स्थिति सबसे ज्यादा मध्यवर्ग, निम्न मध्यवर्ग और गरीबों के लिए मारक होगी। पिछले एक साल में इन वर्गो की माली हालत खस्ता हो चुकी है। आर्थिक गतिविधियों के धीरे-धीरे पटरी पर लौटने के साथ उनकी उम्मीदें भी जीने लगी थीं, तब इस नई लहर ने चिंता बढ़ा दी है। जिन सूबों में यह वायरस सबसे तेजी से पांव फैला रहा है, वे देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाले अहम उद्देश हैं। इसलिए टीकाकरण अभियान को विस्तार और रफ्तार देने के साथ-साथ इसे प्रभावी बनाने के लिए अगले कुछ माह हमें अनिवार्य रुप से मास्क पहनने, दूरी बरतने और हाथ धोते रहने के मंत्र को अपनाना होगा। इस संकट से मुक्ति सामूहिक सहयोग से ही संभव है।

## कोरोना महामारी के नियमों का सख्ती से पालन नहीं होने से

# लॉकडाऊन को लेकर बनाई योजना

### आपात बैठक में प्रशासन को मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश । बढ़ते संक्रमण के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं में आई कमी

**मुंबई –** राज्य में कोविड़ मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि होने के कारण बेड़ और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी हो गई हैं। आयोजित आपात बैठक में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजेश टोपे के साथ मुख्य सचिव सीताराम कुंटे, टास्क फोर्स के डॉक्टर और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने लॉकडाउन लगाकर संक्रमण को रोकने की आवश्यकता पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बैठक में एक स्पष्ट सुझाव दिया कि मंत्रालय के साथ-साथ सरकारी और अर्ध-सरकारी कार्यालयों में आगंतुकों को प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए यदि निजी कार्यालयों और प्रतिष्ठानों ने ५० प्रतिशत स्टॉफ प्रतिबंधों का पालन नहीं किया है, लॉकडाउन लगाना चाहिए।




बेड़, वेंटिलेटर हो रहे कम, मृतकों की संख्या बढ़ने का अंदेशा बैठक की शरुवात में स्वास्थ्य के प्रमुख सचिव, डॉ प्रदीप व्यास ने बताया कि राज्य में संक्रमण की तेजी से बढ़ती घटनाओं के कारण सभी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं, विशेष रुप से बेड़, वेंटिलेटर और ऑक्सीजन की स्थिति जल्द ही गंभीर होंगी तथा यह आम जनता के लिए उपलब्ध नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ३ लाख ५७ हजार आइसोलेशन बेड़ में से १ लाख ७ हजार बेड़ भरे जा चुके हैं और बाकी बेड़ को तेजी से भरा जा रहा हैं। ६० हजार ३४९ ऑक्सीजन बेड में से १२ हजार ७०१ बेड और १९ हजार ९३० बेड में से ८ हजार ३४२ बेड पहले ही भरे जा चुके हैं। ९,०३० वेंटिलेटर में से १,८८१ मरीजों को रखा गया हैं। कुछ जिलों में बिस्तर उपलब्ध नहीं हैं और संक्रमण बढ़ने के कारण सुविधा की क्षमता में गिरावट आ रही है।



**समय पर परीक्षण नहीं करने के गंभीर परिणाम दिखाई दे रहे हैं**

पिछले साल १७ सितंबर को ३ लाख सक्रिय मरीज और ३१ हजार ३५१ मौतें हुई थीं लेकिन २७ मार्च को ३ लाख ३ हजार ४७५ सक्रिय मरीज हैं और मरने वालों की संख्या बढ़कर ५४ हजार ७३ हो गई है। टास्क फोर्स के डॉक्टरों ने यह भी बताया कि संक्रमण में बढ़ोत्तरी से मृत्यु की संख्या में वृद्धि हो सकती है। विशेष रुप से समय पर परीक्षण के बिना चिकित्सालयों में भर्ती होने में देरी और नियमों का पालन नहीं करने के कारण, जबकि घरेलू अलगाव में पिछले साल सितंबर में एक दिन में २४,६१९ मरीज पाए गए थे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, २७ मार्च को एक दिन में ३५,७२६ मरीज पाए गए और अगले २४ घंटों में यह संख्या बढ़कर ४०,००० हो जाएगी।

**प्रशासन को लॉकडाउन को लेकर योजना बनानी चाहिए– मुख्यमंत्री**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एक तरफ, हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि अर्थव्यवस्था स्थिति को बचाया जाए। लेकिन कई घटक अब भी इस मामले को गंभीरता से नहीं लेते, निजी कार्यालयों से अभी भी उपस्थिति नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, शादी समारोह टूट रहे हैं, और बाजारों में भी सुरक्षित दूरी व मास्क नहीं देखे जा रहे हैं। लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करना हमारी प्रामिकता है। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे इस समझ के साथ कि खाद्यान्न, दवाओं, आवश्यक सेवाओं और चिकित्सा सुविधाओं की आपूर्ति की योजना बनाई जाए, नियमों का सख्ती से पालन करना होंगा।

**ऑक्सीजन की आपूर्ति, बेड की मात्रा में तेजी से वृद्धि**

पिछले साल, हमने धीरे-धीरे सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि की, क्षेत्र के अस्पतालों की स्थापना की, लेकिन वर्तमान स्थिति में, इन सुविधाओं को कम करने की आवश्यकता है,ष उन्होंने कहा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पर्याप्त वेंटिलेटर उपलब्ध होने चाहिए और ऑक्सीजन का उत्पादन ८० प्रतिशत मेडिकल के लिए और २० प्रतिशत अन्य उद्देश्यों के लिए आरक्षित होना चाहिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि अस्पताल के बेड में ८०ॅ२० लागू हो और मरीजों को असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को इस संबंध में तत्काल कदम उठाने का भी निर्देश दिया क्योंकि ई-आईसीयू का उपयोग बड़े पैमाने पर आसानी से किया जा सकता है।

**मुंबई, पुणे ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्रों पर भी सुविधाओं की जरुरत**

लोग डरते हैं कि यदि उनका परीक्षण कोरोना की तुलना में अधिक सकारात्मक है, तो उन्हें किसी भी अलगाव केद्र में ले जाया जाएगा और हम वहां सुविधा प्राप्त नहीं कर पाएंगे। इसे तुरंत हटाने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि यदि ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाएं नहीं हैं, तो निकटतम शहर या क्षेत्र में सुविधाएं प्राप्त करने की व्यवस्था की जानी चाहिए, और यह भी सुनिश्चित करने के लिए कि राज्य के सभी हिस्सों में अलगाव सुविधाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं को कम नहीं किया जाए।

**आईसीयू पर जोर – स्वास्थ्य मंत्री**

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों और उनके संपर्क की खोज में तेजी लाने की आवश्यकता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा प्रदान करने के लिए एक चुनौती थी, विशेष रुप से छोटे लोगों के लिए, और ई-आईसीयू पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश में महाराष्ट्र में टीकाकरण अच्छा है और यदि ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कोल्ड चेन का उपयोग किया जाता है, तो उपकेंद्रों पर टीकाकरण बढ़ाया जाएगा।

# मुख्य ८ प्राणायाम

**योगाचार्य नरेन्द्र आर्य**



### अनुलोम विलोम प्राणायाम



**विधि –** किसी भी ध्यानात्मक आसन में बैठकर कमर, गर्दन व सिर को सीधा रखते हुए बाएं हाथ को ज्ञानमुद्रा में बाएं घुटने पर रखकर दाहिने हाथ से प्राणायाम मुद्रा बनाकर अंगूठे से दाए नासापुट को बंद करके बायें नासापुट से धीरे-धीरे लंबी गहरी श्वास भरिए। पूरा स्वास भरने के उपरांत मध्यमा व अनामिका उंगलियों से बाया नासापुट को बंद करके अंगूठा हटाकर दाये नासापुट से श्वास को धीरे-धीरे बाहर निकाल दीजिए। तब नासापुट से ही धीरे-धीरे पूरक कीजिए। यह एक आवृत्ति हुई। पुन: इसी प्रकार से बिना रुके निरंतर आवृत्तियां करते रहिए। इडा नाडी (वाम स्वर) चूंकि सोम चंद्रशक्ति या शांति की प्रतीक है। इसलिए अनुलोम-विलोम प्राणायाम को बाय नासापुट से प्रारंभ करते हैं। बाये नासापुट से लगभग ढाई सेकेंड में श्वास लय के साथ भरना एवं बिना रोके दाएं नासापुट से लगभग ढाई सेकेंड में श्वास को बाहर छोड़ देना। तथा दाएं छोड़ने के तुरंत बाद दाएं से ही सहज रुप से ढाई सेकेंड में श्वास को लेना एवं बिना श्वास को रोककर बाये नासपुट से लगभग ढाई सेकंड में ही श्वास को एक लाय के साथ बाहर छोड़ देना, यह एक चक्र या आवृत्ति पूरी हुई। इसी तरह कम से कम ५ मिनट तक इस प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए।

अनुलोम विलोम से बार-बार प्राणों को साधना चाहिए। स्वस्थ एवं सामान्य रोगों से ग्रस्त व्यक्ति को अनुलोम विलोम प्राणायाम का अभ्यास लगातार १५ मिनट तक करना चाहिए। केंसर, सोरायसिस, मस्क्यूलर, डिस्टफी, माइग्रेन आदि असाध्य रोगों से पीड़ित व्यक्ति को इस प्राणायाम का अभ्यास सुबह शाम लगातार ३०-३० मिनट तक करने से शीघ्र लाभ होता है।

**लाभ –** इस प्राणायाम से शरीर में विद्यमान संपूर्ण नाडिया अर्थात ७२ करोड़ ७२ लाख १० हजार २०१ नाडिया परिशुद्ध हो जाती है। अनुलोम विलोम के २० मिनट अभ्यास से स्वस्थ व्यक्तियों के हृदय में संकुंचन तथा प्रसरण चाप में गुरुत्व पूर्ण गिरावट पाई गई। २० मिनट पर्यत किए गए अनुलोम विलोम द्वारा केंद्रीय एवं चयनात्मक एकाग्रता तथा दृष्टि संबंधी अध्ययन में बढ़ोतरी पाई गई।

२० मिनट पर्यत तक किए गए अनुलोम विलोम के अभ्यास से संभवत सकरा के अच्छे ऑक्सीकरण के कारण हाथों सख्ती के कारण हाथों की मुक्ती शक्ति में वृद्धि पाई गई। इस प्राणायाम से व्यक्ति किसी भी मनोवैज्ञानिक तनाव से रहित होकर श्वास को रोक पाने में समर्थ होता है।

अनुलोम विलोम प्राणायाम एडीएचडी एकाग्रता के अभाव से उत्पन्न असाधारण उत्तेजनात्मक क्रियाशिलता, जन्म विकार का प्रबंधन कर एकाग्रता तथा स्मृति शक्ति को बढ़ाने में सहायक हो सकता है।

संधिवात तथा बार-बार होने वाली तनावजन्य व्याधियां जैसे कि कॉरपल टनल, सिंड्रोम जिसमें अंगुलियों में पीड़ा तथा मुट्ठी कसने में समस्या होती है, ऐसे रोगों के प्रबंधन में अनुलोम विलोम प्राणायाम कारगर हो सकता है। संधिवात, आमवात, गठिया, कंपवात, स्नायु दुर्बलता, अवसाद, ओसीडी, शिजोफ्रेनिया डाईमेशिया आदि समस्त वात रोग नष्ट होते हैं। कोलोस्ट्राल, ट्राइग्लिसराइड्स, धमनियों में आए हुए अवरोध आदि हृदय संबंधी रोग दूर होते हैं। विशेषकर यह मेमोरी लॉस के प्रबंधन में लाभकारी हो सकता है।

**आवश्यकता है**

**साप्ताहिक बुलंद गोंदिया के लिये गोंदिया-भंडारा जिले की सभी तहसीलों के लिये संवाददाता, प्रतिनिधी तथा वितरक नियुक्त कराना है । इच्छुक व्यक्ति कार्यालय में आकर संपर्क करें अथवा 7670079009, 9405244668, 9763355727 पर संपर्क करें । – सम्पादक**

# जीवन का आनंद...

**तमन्ना मटलानी**
गोंदिया (महाराष्ट्र)



देखा जाए तो हमारा सारा जीवन ही आनंद से सराबोर है, पर क्या हमने कभी इस आनंद को महसूस किया है? यदि हमारे इस सवाल के प्रतिउत्तर में हमारे हिर्दय से आवाज आती है कि, भला सारा जीवन आनंद की अनुभूति केसे की जा सकती है? यह सुनाई देता है तो यकीन मानिए कहीं न कहीं हमारी सोच नकारात्मक बन चुकी है।

साथियों, जीवन में हर तरफ आनंद के पल बिखरे हुए होते है, बस जरुरत हमें उन पलों को देखने की है। आज के इस आपाधापी वाले जीवन में इंसान अपनी उलझनों में ही घिरा हुआ है। इस कारण से वह चाह कर भी आनंद को महसूस कर ही नहीं पाता है। हमने अक्सर छोटे बच्चों को गुब्बारे से खेलते हुए देखा ही होगा, इस खेल में उन्हें अपार-आनंद की प्राप्ति होती है। कुछ समय के पश्चात यदि किसी बच्चे का गुब्बारा फूट जाता है, तो कोई बच्चा तो गुब्बारे के फटने पर रोने लगता है और कोई बालक हंसता ही रहता है। क्योंकि वह बच्चा गुब्बारे की फूटने आवाज सुनकर भी बहुत खुश हो जाता है और बार-बार इस खुशी को महसूस करने के लिए फूले हुए गुब्बारे को जानबूझकर भी फोड़कर उसकी आवाज में खुशी महसूस करने का प्रयास करने लगता है ।

क्या हमारी सोच उस दूसरे छोटे से बच्चे है से भी छोटी हो गई है? क्या हम उस छोटे से बच्चे से हर हाल में खुश रहने की कला नहीं सीख सकते? हमेशा एक बात का ध्यान रखना चाहिए कि जो दिन हमारा आनन्द से बीत जाए वही हमारी कमाई किए गए यादगार पल है नहीं तो जिंदगी तो अपनी रफ्तार से व्यतीत हो ही रही है समय किसी के लिए न ठहरा है और न ही ठहरेगा। हर गुजरने वाले दिन के साथ हमारे जीवन के शेष दिन घटते ही जाएंगे। हमारी आयु तो बढ़ेगी पर उम्र कहीं पीछे छूटती जाएगी।

हर गुजरे हुए दिन के साथ हम बड़े नहीं होते, बल्कि हमारे जिंदा रहने के दिन कम होते जाते है, तो फिर क्यों नहीं हम जिंदादिल बनें और अपने हर दिन के आनन्द को महसूस करना सीख लें।

इसलिए आईये हम सभी छोटी-छोटी खुशियों को महसूस करें और एक सकारात्मक सोच के साथ अपने इस अमूल्य जीवन के सफर का आनंद लें...

**क्या हम यह आनंद महसूस करने के लिए तैयार है..?**

**जीवन का आनंद -संतोष**

ए जिंदगी! रहता हूं हरदम साथ,
कटते हैं संग दिन मेरे, रात तेरे,
जीवन में क्यों कुछ अनजान है,
क्यों कुछ खोया सा है.
असीमित विस्तारित काल में,
तेरा वर्चस्व रहा ,तेरा राज रहा,
फिर जीवन में खुशियां इतनी दूर कहां.
जिसने संतोष का चादर ओढ़ा,
नहीं आया मार्ग में कोई रोड़ा,
जीवन हुआ संगीतमय,
आनंद की वर्षा से हुआ लावण्यमय.....

# साप्ताहिक राशिफल

**मेष :** धन की कोई दिक्कत नहीं होगी। बातचीत के जरिए गलतफहमियों को दूर करें। कार्यक्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बने रहेंगे। सही खानपान से फिट व हेल्दी रहेंगे। छुट्टियां मनाने का मौका मिल सकता है। किसी की देखादेखी न करें और न ही किसी की खुशामद करें।

**वृषभ :** अपनी विशेषज्ञता के बल पर आगे बढ़ने के सुनहरे मौके मिलेंगे। आर्थिक सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी हो रही है। घर या वाहन की खरीदारी, कर्जा लेने की कोशिश कामयाब होगी। किसी भी बात पर वे आसानी से रजामंदी दे सकते हैं।

**मिथुन :** लोन चुकाना है तो खर्चों में कटौती तो करनी ही पड़ेगी। घरवालों के साथ समय बिताएं। जिस खबर का आपको इंतजार था, वह मिल सकती है। सेहत संबंधी सभी चिंताएं दूर होंगी। किसी काम के लिए ज्यादा उतावलापन न दिखाएं। जहां तक हो सके, विवादों से दूर रहें।

**कर्क :** विनम्रता अपनाएं, वाणी को नियंत्रित करें। अन्यथा आपकी छवि धूमिल हो सकती है। प्रापर्टी खरीदने या बेचने में जल्दबाजी न करें। छात्रों का सफलता मिलेगी।

**सिंह :** दूरदर्शिता से आर्थिक संकट दूर होंगे। घर का कोई सदस्य आपके प्रति कटुता पाल सकता है। आने वाले दिनों में सकारात्मक सोच के साथ किसी नई प्लानिंग पर काम शुरु हो सकता है।

**कन्या :** नए काम की शुरुआत करने में अड़चनें आएंगी। रिटेलरों के मुनाफे में कमी आएगी। बीमार जातकों की सेहत में सुधार हो रहा है। कार्यक्षेत्र में बदलाव होने संभव हैं।

**तुला :** प्रेम संबंध टूटने पर उदासी बनी रहेगी। आत्मविश्वास में गिरावट का अनुभव कर सकते हैं। रीयल इस्टेट से जुड़े लेन-देन मे फायदा होगा। इस दौरान आपको कोई नया काम शुरु नहीं करना चाहिए।

**वृश्चिक :** कार्यक्षेत्र में होने वाले लाभ के बारे में सोचेंगे। हॉस्पिटैलिटी से जुड़े लोगों के लिए अनुकूल समय है। रुठे दोस्तों को मनाने में भी आप सफल रहेंगे। जो लोग प्रापर्टी खरीदना चाहते हैं, वे थोड़ा इंतजार कर लें।

**धनु :** धन संबंधी चिंता बेचौन कर सकती हैं लेकिन इस बात से आश्वस्त रहें कि हालात बेकाबू नहीं होंगे। कार्यक्षेत्र में चुनौतियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहेंगे। छात्रों की परफार्मेंस बेहतरीन बनी रहेगी। खान-पान का ध्यान रखना शुभ रहेगा।

**मकर :** प्रापर्टी बेचने पर मोटा मुनाफा हो सकता है। धन का निवेश सूझबूझ से करें ताकि भविष्य में लाभ हो सके। किसी बीमारी से छुटकारा पाना मुश्किल लग रहा है। निजी जीवन में अपनी जिद पर न अड़े रहें।

**कुंभ :** महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का सप्ताह है। आपके संबंध मजबूत हो रहे हैं। गृहिणियों के लिए सुखद समय है। लंबे समय से लंबित मुकदमेबाजी और अदालती मामले आपके पक्ष में सुलझेंगे।

**मीन :** घर में किसी खास समारोह के लिए आप दिन-रात काम करेंगे। निवेश करने से पहले जानकार लोगों से सलाह लें। विवाहयोग्य जातकों के लिए उचित प्रस्ताव आएंगे। सभी अधूरे काम पूरे करें। थकान रहेगी, मौसमी बीमारी से परेशानी हो सकती है।

# संजय नगर (गोविंदपुर) क्षेत्र के ४६८ अतिक्रमण धारकों को निशुल्क जमीन का स्थायी पट्टा दे सरकार- पूर्व विधायक अग्रवाल

### बैठक में पूर्व विधायक अग्रवाल ने की राजस्व मंत्री से मांग

**गोंदिया** – पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के अनुरोध पर गोंदिया संजयनगर के निवासियों को जमीन का स्थायी पट्टा दिये जाने हेतु आदेश जारी करने बाबत राजस्व मंत्री बालासाहेब थोरात ने मंत्रालय में १७ मार्च को संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। गोंदिया जिले से जिलाधिकारी मीणा एवं उपविभागीय अधिकारी व्हिडीओ कॉन्फेरेसींग के माध्यम से बैठक में उपस्थित थे। बैठक में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि हमने सन २००० में संजयनगर निवासियों को स्थायी पट्टा दिए जाने के लिए प्रयास शुरु किए और जिला प्रशासन से प्रस्ताव तैयार कराकर २००८ में मंत्रालय तक लाया। उक्त भूमि को वन कायदे से मुक्त कराया बाद में राज्य मंत्रीमंडल से भूमि पर लागु खेल मैदान का आरक्षण मुक्त कराया गया। जिसमें बहुत समय खराब



हुआ लेकिन हर्ष की बात है कि दिसंबर २०१९ में अंतत: सभी अतिक्रमणकारियों के पट्टे मंजुर हुए। लेकिन पट्टे जारी करने के लिए राजस्व विभाग ने जो जमीन की कीमत आंकी है वो २०१९ के बाजार मुल्य के आधार पर आंकी गई है जबकि हमार प्रस्ताव सन २००० से चल रहा है। प्रचलित नियमानुसार १९९५ के बाजार मुल्य से, स्थायी पट्टों का शुल्क लगाना जाना चाहिए जो कि बहुत कम है। लेकिन संजय नगर निवासी आर्थिक रुप से पिछड़े और सभी को नि:शुल्क जमीन का पट्टा देकर सरकार हजारों निवासियों को ऊपर उठाने में सहयोग करें।

बालासाहेब थोरात ने संबंधित अधिकारियों तथा वीडियों कॉन्फेरेसिंग पर जिलाधिकारी ने इस संदर्भ में विस्तुत चर्चा की तथा आगामी ८-१० दिनों में योग्य निर्णय लेकर उक्त आशय का आदेश जारी करने का आश्वासन बैठक में दिया। जिसके उपरांत आगामी ९ दिनों में योग्य निर्णय लेकर उक्त आश्य का आदेश जारी करने का अहवान बैठक में दिया। जिसके उपरांत आगामी १ माह में उपविभागिय अधिकारी से अतिक्रमणकारियों को पट्टे मिल जाने की संभावना पूर्व विधायक अग्रवाल ने व्यक्त की। इस प्रयास के लिए राकेश ठाकुर, स्वेता महेंद्र पुरोहित, सुनिल तिवारी, सुनिल भालेराव, निर्मला मिश्रा, शिलु राकेश चौहान, क्रांतीकुमार जायसवाल, दिपीका देवा रुसे, पराग अग्रवाल तथा पूर्व पार्षद पृथ्वीपालसिंग गुलाटी ने पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल का आभार व्यक्त किया।

# बकाया बिजली बिल नहीं भरने से काटे जा रहे कनेक्शन

### कांग्रेस कमेटी ने सौंपा मुख्य अभियंता को ज्ञापन

**गोंदिया** – कोविड़ १९ के संक्रमण के कारण बहुत दिनों तक लॉकडाऊन की स्थिति बरकरार रही। जिसके फलस्वरुप अनेकों व्यवसायी, मजदूर तथा अन्य छोटे-बड़े कार्य करनेवाले नागरिकों पर बेरोजगारी की नौबत आन पड़ी थी। ऐसे हालात में नागरिकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिसके चलते अधिकांश नागरिकों ने विद्युत बिल नहीं भरा लेकिन लॉकडाऊन हटने के बाद उपभोकता किस्तों में बिजली बिल भरने को तैयार है लेकिन बावजूद इसके विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उनके विद्युत कनेक्शनों को काटा जा रहा है। इस ओर विशेष ध्यान देते हुए महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अमर वराडे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता सुखदेवे शेडकर को २४ मार्च को ज्ञापन सौंपा गया। गौरतलब है कि लॉकडाऊन के दौरान अधिकांश नागरिकों की आर्थिक स्थित काफी कमजोर हो चुकी थी। वहीं ऐसे हालात में अनेक नागरिक अपना जीवन व्यापन करने की ओर ध्यान देते या फिर बिजली बिल भरने की ओर ग्राहक लॉकडाऊन समाप्त होने के बाद विद्युत बिल की राशि किस्तों में भरने को तैयार है, क्योंकि एक साथ इतने महिनों का बिजली भुगतना करने में असमर्थ हैं। लेकिन इसके बावजूद बिजली विभाग की ओर से ऐसे उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा जा रहा है। उसी प्रकार मीटर की रीडिंग के अनुसार विद्युत बिल उपभोक्तओं को नहीं दिया गया तथा अनाप-शनाप बिजली का बिल सौंपा गया। उपरोक्त समस्याओं को देखते हुए महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अमर वराडे के जनसंपर्क कार्यालय पहुंचकर इस समस्या से अवगत कराया गया जिसके बाद संज्ञान लेते हुए अमर वराडे ने २४ मार्च को समस्याओं को हल करते के लिए ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विनोद जैन, अनिता मुनेश्वर, चमन बिसेन, विजेंद्र बोरुडे, अश्विनी गायधने, रेखा बानेवार आदि उपस्थित थे।

# ८८ शालाबाह्य बच्चों को मिला शिक्षा का अधिकार



**गोंदिया** – शालेय शिक्षा व क्रीडा विभाग महाराष्ट्र शासन मंत्रालय मुंबई के निर्देश पर समग्र शिक्षा अभियान बाल रक्षक विभाग द्वारा गोंदिया जिले में ५ से १५ मार्च के दौरान शालाबाह्य, अनियमित व स्थलांतरित बच्चों की खोज करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें पाए गए ८८ शालाबाह्य बच्चों को शालाओ में प्रवेश दिलाने का पुण्यकार्य शिक्षा विभाग ने किया। बाल रक्षक विभाग की जिला समन्वयक कुलदीपिका बोरकर ने जानकारी देते बताया कि शालाबाह्य अनियमित व स्थलांतरित बच्चों की खोज के लिए जिले में खोज अभियान चलाया गया। जिसमें आमगांव, अर्जुनी मोरगांव व देवरी तहसील में एक भी शालाबाह्य बच्चे नहीं मिले जबकि गोंदिया तहसील में २१ गोरेगांव, २५, सड़क अर्जुनी १५, सालेकसा में ११ एवं तिरोड़ा तहसील में १६ इस प्रकार ८८ शालाबाह्य बच्चे पाए गए है। जिसमें गोंदिया तहसील की ११, गोरेगांव की ३, सड़क अर्जुनी ९, सालेकसा की ४ तथा तिरोड़ा तहसील की ९ इस प्रकार ३५ बालिकाओं का समावेश है।

**खोज अभियान का बढ़ाया गया दायरा**

कोई भी बालक प्राथमिक शिक्षा से वंचित न रहे इसलिए सालभर शालाबाह्य बच्चों की खोज जारी रहती है। इस मुहिम का दायरा बढ़ाते हुए ५ से १५ मार्च के दौरान जिले के सभी क्षेत्रों में व्यापक सर्वे किया गया। जिसमें ८८ शालाबाह्य बच्चे पाए गए, उन्हें शिक्षा के प्रवाह से जोड़ा गया है।

**– राजकुमार हिवरे,**
शिक्षाधिकारी प्राथ. गोंदिया

# शहीद भगतसिंग को दी श्रद्धांजलि



**संवाददाता आमगांव–** भारत देश को अंग्रेजो की गुलामी से आजदी दिलाने में महत्तवपूर्ण भूमिका निभाने वाले व इंकलाब जिंदाबाद का नारा लगाकर अंग्रेजो की हुकुमत के खिलाफ आवाज उठाने वाले शहीद राजगुरु भगतसिंग को स्थानिय महात्मा गांधी चौक पर सामाजिक कार्यकर्ता शंभुदयाल अग्रिका के अध्यक्षता में व प्रमुख अतिथि के रुप में पधारे तहसील पत्रकार संघ के अध्यक्ष इसुलाल भालेकर सामाजिक कार्यकर्ता संतोष (छन्नु) दुबे की उपस्थिति में श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संपत सोनी, महावीर जैन, हेमराज सुलाखे, विनोद बोहरे, अनिल आईंद्रेवार, गणेश गन्नु गुप्ता, अंकुश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार के काले कानून व पेट्रोल-डिजल के बढ़ते दामों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**संवाददाता आमागांव –** केंद्र सरकार द्वारा पारित किया गया काले कृषि कानून को लेकर पुरे देश के किसान कानून के विरोध में पिछले १०० दिन से दिल्ली बार्डर पर धरने पर बैठे हैं। किसानों द्वारा केंद्र सरकार के विरोध में कांग्रेस पार्टी भी किसानों के साथ है। १०० दिन होने के बाद भी सरकार द्वारा किसानों की मांगो पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे ऐता प्रतित होता है कि सरकार को किसानों की जरुरत ही न हो। उसी प्रकार कामगारों के लिए पारित किया गए नए कानून के चलते कामगारों में समाजिक व आर्थिक दुरी निर्माण हो गई है साथ ही वर्तमान में गैस, पेट्रोल व डिजल की किमत आसमान छु रही है। जिसके चलते आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया है। उक्त समस्या को देखते हुए तहसील कांग्रेस की ओर से तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। अवसर पर भैय्यालाल बावनकर, उज्वल ठाकुर, रामेश्वर श्यामकुवर, महेश उके, सतीश शहारे, प्रभा उपरोडे, नरेश बोपचे, दीपक शर्मा, तारेंद्र रामटेके, होलीराम बिसेन, राजेंद्र रहांगडाले आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# शहर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

### महाविकास आघाड़ी सरकार ने कोरोना काल के दौरान बिजली बिल में राहत देने की करी झुठी घोषणा, अब सैंकड़ों की संख्या में कट रहे बिजली कनेक्शन – पूर्व विधायक अग्रवाल

गोंदिया शहर भाजपा की विशेष सभा पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल की प्रमुख उपस्थिती में भाजपा जिला अध्यक्ष केशवराव मानकर की अध्यक्षता में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष हेमंतभाऊ पटले, नगराध्यक्ष अशोक इंगले, संजय कुलकर्णी, भरत क्षत्रीय, जयंत शुक्ला, अमीत झा, बंटी पंचबुद्धे, शहर अध्यक्ष सुनिल केलनका, शहर महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला मिश्रा आदि की उपसिथती में संपन्न हुई। इस अवसर पर सभी की प्रस्तावना रखते हुए शहर अध्यक्ष सुनिल केलनका ने कहा कि गोंदिया शहर में करीब १३० मतदान बुथ हैं, जिसमें हमें जुझारु कार्यकर्ताओं का चयन कर बुथ प्रमुख, शक्ती केंद्र प्रमुख आदि जवाबदारी बाटनी है। जिससे भारतीय जनता पार्टी के लोकहित कर्यों का संदेश आखरी मतदाता तक पहुंच सके। पूर्व विधायक अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं के चाबी संगठन में लाने और हजारों की संख्या में हमारे कार्यकर्ताओं का भाजपा में प्रवेश से बुथ स्तर पर नवीन कार्यकारणी गठित कर हर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपना आवश्यक है। इन कार्यकर्ताओं के माध्यम से ही हम हर मतदाता तक भारतीय जनता पार्टी और देश के प्रधानमंत्री मोदी का संदेस पहुंचा सकेंगे। भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा नए कृषि कानूनों के खिलाफ विरोधी पार्टियों के दुसप्रचार को गोंदिया ग्रामीण मतदाता जिनमें लगभग सभी किसान परिवार होते है ने नकराते हुए ग्राम पंचायत चुनाव में पार्टी को भरपुर मतदान और आशिर्वाद दिया। वर्तमान में प्रदेश की महाविकास आघाड़ी सरकार के राज में प्रशासनीक ढांचा लगभग ध्वस्त हो गया है। शासकीय कार्यालय में अधिकांश अधिकारियों के पद खाली पड़े है। जिन पर प्रभारियों को नियुक्त कर जैसे-तैसे सरकारी कामकाज चल रहा है। क्षेत्र में कोरोना काल के बिजली बिल माफ करने के नाम पर कुछ नेताओं ने छुट भैय्या आंदोलन का नाटक किया। जिसमें लोगो को आस जगी लेकिन अब विद्युत मंडल के लोग सैकड़ों की संख्या में कनेक्शन काटने का कार्य कर रहे हैं। किसानों के धान खरीदी केंद्र में भी आघाड़ी सरकार ने अपने कार्यकताओं को खरीदी केंद्र बांटकर धान खरीदी में भी राजनीति और भ्रष्टाचार का घुण लगा दिया है। किसान पहले सप्ताह तक धान के वजन हेतु टोकन लेकर घुमते है तथा भुगतान के लिए चक्कर काटते है। बोनस मिलना बहुत दुर की बात है। देवेंद्र फडणवीस की भाजपा सरकार के समय धान तौलने या भुगतान में कभी देरी की बात सुनाई नहीं पड़ी। सरकार की नकामियों को हमें घर-घर पहुंचाने के लिए बुथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को पुन प्रेरित करना है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से शुभम तिवारी, संदिप, रहांगडाले, कृष्णकुमार लिल्हारे, विनोद चांदवानी, क्रांतिकुमार खोबरे, लोकेश ईटानकर, सुरेश चंदनकर आदि उपस्थित थे।

# सांसद पटेल की उपस्थित मे योगेद्र भगत का राष्ट्रवादी कांग्रेस मे प्रवेश

**गोंदिया – सांसद प्रफु**ल पटेल के नेतृत्व पर विश्वास रखकर, तिरोडा तहसील के पूर्व सभापती तथा पूर्व जिला परिषद सदस्य योगेद्र भगत ने मंगलवार ३० मार्च को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया। इस अवसर पर पुर्व विधायक राजेंद्र जैन, विधायक मनोहर चंद्रीकापुरे, जिल्हाध्यक्ष विजय शिवनकर, नरेश माहेश्वरी, गंगाधर परशुरामकर, केवल बघेले, गुड्डू बोपचे, अविनाश काशीवार, जयंत कच्छवाह व अन्य उपस्थित थे।



# धान खरीदी केंद्र की समयाअवधि बढ़ाएं ३० अप्रैल तक – राणे

**गोंदिया** – जिले के अनेक किसानों का जीवन खेती पर आत्मनिर्भर है। लेकिन अब भी जिले के किसानों की धान तकनीकी परेशानी व शासकीय धान के गोडाऊनों के अभाव से विक्री नहीं हो पाया जिसके चलते किसानों को धान विक्री करने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। जिसके चलते किसानों में रोष पनप रहा है। उक्त समस्याओं के कारण किसानों के अनाज का नुकसान हो रहा है तथा किसान के धान की विक्री नहीं होने से उनपर आर्थिक संकट गहराने लगा है। जिसके चलते धान खरीदी केंद्रों की समयअवधि को ३० अप्रैल तक बढ़ाने की मांग युवानेता कपिल राणे की ओर से की गई है।

# जन्मदिवस पर डॉ.बाहेकर का सत्कार

**गोंदिया** – जेसीआई गोंदिया रॉयल द्वारा डॉ. अनुराग बाहेकर के जन्मदिवस अवसर पर पुष्पुच्छ देकर बधाई दी गई और कोरोना महामारी के दौरान उनके द्वारा दी जा रही सेवाओं के लिए उनका सत्कार किया गया। डॉ. बाहेकर ने कोरोना के दूसरे चरण में लोगों से सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने व मास्क लगाने की अपील की और १५ दिनों के लिए और अधिक सावधानी बरतने का अहवान करते हुए कहा कि १५ दिनों के लिए सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क का उपयोग करें तो ही कोरोना के बढ़ते मामलों में लगाम लगाई जा सकती है। इस अवसर पर जेसीआई गोंदिया रॉयल के अध्यक्ष अमन कारड़ा, पूर्व अध्यक्ष हर्ष अग्रवाल तथा अशोक चेलानी व अन्य कर्यकर्ताओं ने डॉ. बाहेकर को बधाई दी।

# पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों की समस्याओं को हल करने दी जाएगी प्राथमिकता - बीडीओ तुरकर का आश्वासन

**संवाददाता** – अर्जुनी मोरगांव तहसील में कर्मचारियों, शिक्षकों और अधिकारियों की समस्याओं को हल करने हेतु कस्ट्राईब कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष और शिक्षक संघ के अध्यक्ष राज्य महासचिव ओमप्रकाश वासनिक के नेतृत्व में मंडल ने एस.टी. तुरकर समुह विकास अधिकारी पंचायत समिति सालेकसा को २४ मार्च को पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों के मुद्दों और समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस अवस पर आर.जे. चव्हाण बाल विकास परियोजना अधिकारी, एस.जी. वाघमारे समूह शिक्षा अधिकारी, जी.एस. पवार सहायक प्रशासन अधिकारी, एम.आर. पटले जूनियर प्रशासन अधिकारी उपस्थित थे। महासंघ ने चर्चा के लिए कुल २३ प्रश्न और मुद्दों को उठाया व सभी मुद्दों को लेकर चर्चा की गई तथा सालेकसा तहसील में ७ वें वेतन आयोग को रुपये की संशोधित प्रगति योजना के कार्यान्वयन के बारे में कार्रवाई करने, आपके अधीनस्थ अनुबंध कर्मचारियों के मासिक मानदेय का भुगतान समय पर किया जाना चाहिए। शिक्षकों के वरिष्ठ ग्रेड और चयन ग्रेड प्रस्तावों के साथ-साथ जिला परिषद शिक्षकों की सेवा पुस्तिका ६ वीं और ७ वें वेतन आयोग की मंजुरी के लिए जिला परिषद गोंदिया को भेजी जानी चाहिए। जिला परिषद के कर्मचारियों के ६ वें और ७ वें वेतन आयोग तथा ७ वें वेतन आयोग की किस्तें, पोस्ट-परमिशन परमिट आवेदन और जिला परिषद के कर्मचारियों और शिक्षकों की मेड़िकल प्रतिपूर्ति जो परीक्षा पास कर चुके हैं, उन्हें तुरंत जिला परिषद गोंदिया भेजना, सेवानिवृत्ति की कगार पर मौजूद कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति दस्तावेजों को तुरंत जिला परिषद गोंदिया को भेजा जाना चाहिए। यदि किसी कारण से सेवानिवृत्ति की दहलीज पर कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका किसी कारणवश जिला परिषद गोंदिया में अटकी हुई है, तो उसे संबंधित विभागों को पत्र भेजकर तुरंत मांग करना साथ ही मासिक वेतन का भुगतान करने के लिए कार्यवाई की जानी चाहिए। हर महिने की पहली तारीख को उनके सभी अधीनस्थ विभागों के कर्मचारी, पशुपालन विभाग व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के मासिक वेतन को नियमित करने के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए, निर्माण विभाग सहित सभी विभागों के कर्मचारियों के यात्रा भत्ता भुगतान को नियमित करना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का यात्रा भत्ता भुगतान नियमित रुप से करना, अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के मासिक मानदेय को नियमित करने के संबंध में कार्रवाई करना, माध्यमिक सेवा पुस्तिका को हर साल अपडेट किया करना, वर्ष २०११ में जनगणना कार्य करने वाले शिक्षकों का पंजीकरण, कंम्प्युटर टेस्ट पास का पंजीकरण, मराठी/हिंदी भाषा के संदर्भ में पंजीकरण के साथ-साथ स्थानांतरण और कर्मचारियों के परिवर्तन को सेवा पुस्तिका में दर्ज करना साथ ही कस्ट्राईब कर्मचारी महासंघ के साथ चर्चा की एक कार्य प्रति तत्काल संघ को भेजी जानी चाहिए। जिसपर समूह विकास अधिकारी पंचायत समिति सालेकसा ने सभी समस्याओं को प्राथमिकता के रुप में हल करने का वादा किया। इस अवसर पर महासंघ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश वासनिक, जिला उपाध्यक्ष भारत वाघमारे, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय उके, महासंघ के जिला सचिव संदीप रामटके, जिला संगठक विनोद रंगारी, तहसील अध्यक्ष रविराज शहारे, शिक्षक संघ के तहसील अध्यक्ष संजय रामटेके आदि उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

### पैसों के विवाद पर लाठी से हमला

रावणवाड़ी पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम सावरीटोला निवासी फर्यादी राजकुमार खेलचंद नागपुरे (३०) अपने घर के सामने खड़ा था। इसी दौरान आरोपी ने उधारी के पैसों को लेकर विवाद करते हुए फर्यादी के सिर पर लाठी से प्रहार कर जख्मी किया। फर्यादी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत तथा डॉक्टरी अहवाल के आधार पर धारा ३२४ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मोटर सायकल चोरी

रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले लक्ष्मीनगर बैंक कॉलोनी निवासी फर्यादी भोजराज कवडुजी मेश्राम (५४) की मोटर सायकल क्रमांक एमएच ३५ ७८३३ कीमत ४० हजार रुपए को कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया। शिकायत के आधार पर धारा ३७९ के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच पुलिसकर्मी गोमासे कर रहे है।

### काउंटर से पैसों की चोरी

गोंदिया ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले होरा पेट्रोल पंप के पिछे निवास करनेवाले फर्यादी प्रितपालसिंग होरा (५५) पेट्रोल संचालक के काउंटर से पेट्रोल व डिजल की नगद राशि ६४ हजार ७६७ रुपए के माल पर संदिग्ध आरोपी ने हाथ साफ कर दिया। फर्यादी की शिकायत पर धारा ३८१ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### लाठी से हमला

सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम मुंडीपार में जमीन के विवाद को लेकर मारपीट हो गई। सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फर्यादी छगनलाल शिवलाल ढेकवार (६०) तथा आरोपी एक ही गांव में आसपास निवास करते है तथा इनके बीच जमीन के विवाद को लेकर कोर्ट में केश चल रहा है इसी बात की रंजिश को लेकर दो आरोपी मोटर सायकल में सवार होकर आए तथा आपसी में सांठगांठ करते हुए फर्यादी की पीठ पर लाठी से हमला कर घायल कर दिया। फर्यादी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत व डॉक्टरी परिक्षण के अहवाल पर उक्त आरोपियों के खिलाफ धारा ३२४,३४ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सड़क हादसे में घायल की मृत्यु

गोंदिया ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले संजय नगर गोंविदपुर निवासी सुधीर गन्नीलाल केरवतकर (४५) अपनी मोटर सायकल से जा रहा था। इसी दौरान ग्राम खमारी के पास वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। जिसके चलते उसे उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय में दाखिल कराया गया लेकिन इसी दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस संदर्भ में गोंदिया ग्रामीण पुलिस को डेथ वारंट प्राप्त होने से धारा १७४ के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की आगे की जांच पुलिस हवलदार गोस्वामी कर रहे है।

### डिवायडर को मारी टक्कर

रायपुर की ओर से आ रहे वाहन क्रमांक एन.एल. ०२ क्यु ४४८४ के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज गति से वाहन चलाते हुए ग्राम मंदीटोला के फाटक के समीप हाइर्व क्रमांक ६ पर बीच में लगे डिवायडर की रिलींग को टक्कर मार दी। जिसके चलते ३७ हजार ५०० रुपए का नुकसान हुआ। फर्यादी जीवन हिरामन चुटे (४०) निवासी ब्राम्हणी की शिकायत के आधार पर धारा २७९, ४२७ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### डॉ. तरुण तपनकुमार मंडल की नियुक्ति

**अर्जुनी मोरगांव–** वैद्यकीय सेवा के साथ सामाजिक कार्यों में योगदान दिया जाए इस हेतु आधी तहसील वैद्यकीय संघटन की स्थापना की गई है। जिसके अंतर्गत वृक्षारोपण, रक्तदान, अनाज वितरण, स्वस्थ्य शिविर जैसे कई उपक्रमों का आयोजन किया गया। हाल ही में संपन्न हुई बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. तरुण तपनकुमार को मंडल की सर्वसम्मति से वैद्कीय संघटन के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। डॉ. तरुणकुमार के सामाजिक व वैद्कीय कार्यों को देखते हुए इस पद का कार्यभार उन्हें सौंपा गया। इस अवसर पर डॉ. महेश नाकाडे की सचिव पद तथा कोशाध्यक्ष पद पर रमेश कापगते की नियुक्ति की गई। उपरोक्त नियुक्ति पर सभी डॉक्टरों व नगरवासियों की ओर से पदाधिकारियों को बधाई दी गई।

### नवनियुक्त महिला सरपंच व उपसरपंच का सत्कार

**संवाददाता –** अर्जुनी मोरगांव तहसील की जाणवा ग्राम पंचायत से नवनियुक्त सरपंच, उपसरपंच व ग्राम पंचायत सदस्यों को २४ मार्च को किरण कांबले द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय में शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया तथा ८ मार्च को महिला दिवस का भी आयोजन किया गया। किरण कांबले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विकास हेतु महिला सदस्य पुरुषो से कंधे से कंधा मिलाकर गांव के विकास हेतु सक्रिय प्रयास किया जा रहा है।


क्या आप परेशान हैं?



शादी से पहले, शादी के बाद की कमजोरी
उम्र की अधिकता से सेक्स में कमजोरी
नि:संतान, स्वप्नदोष, इंद्रिय का छोटापन
टेढ़ापन, शिथिलता, शुगर से आयी कमजोरी
आदि समस्याओं के ईलाज के लिए...

डॉ.सुशील गेडाम
बी.ए.एम.एस., एस.एच.सी.
धनवंतरी आयुर्वेदिक दवाखाना
शॉप नं.31, राजलक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, पाल चौक, गोंदिया

हर रविवार
सुबह 11 से 4 बजे

संपर्क क्र.: 7879453857, 8964889608


## शाखा व्यवस्थापक की अनदेखी के चलते

# महाराष्ट्र बैंक के ग्राहक परेशान

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

**संवाददाता सालेकसा–** सालेकसा तहसील आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के बावजूद व तहसील में राष्ट्रीयकृत बैंक होने से बड़े पैमाने में ग्राहक ग्रामीण क्षेत्र सहित शहर के व्यापारियों ने यहां खाते खोले है। लेकिन बैंक के कार्य में अनदेखी के चलते बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा सालेकसा आये दिनों चर्चा का विषय बनते जा रहा है, दुर रहनेवाले ग्रामीण क्षेत्र के लोग जब शाखा तक पहुंचते है तो हाथ में केवल निरासा ही लगती है, कभी कैश नही है, तो कभी लिंक फेल हो जाती है। जब इस संदर्भ में ग्राहक व्यवस्थापक से चर्चा करता है तो उसके द्वारा ग्राहकों के साथ उचित व्यवहार नहीं किया जाता। व्यवस्थापक ग्राहक को प्रतिसाद नहीं देते साथ ही ग्राहक के विरोध जताने पर पुलिस की धमकी दी जाती है। बैंक राष्ट्रीयकृत होने के कारण क्षेत्र के व्यापारियों को दैनिक व्यवहार करना पडता है, ऐसे में व्यापारियों को व्यवहार करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है, व्यापार को छोड़ कर व्यापारी को बैंक में कॉफी समय बैंक में गुजारना पड़ता है। उसी प्रकार नये खाते खोलने में भी ग्राहक को असुविधा हो रही है शाखा का स्वतंत्र एटीएम होने के बावजूद एटीएम में आये दिन कैश की समस्या बनी रहती हैं। बैंक द्वारा विविध योजना चलाई तो जाती है लेकिन उसे आमजनता तक व्यवस्थापक के अनदेखी के चलते नहीं पहुंच पाती। राष्ट्रीयकृत शाखा होने के बावजूद बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा सालेकसा के नाम का बोर्ड भी यहां मौजूद नहीं है।

> सालेकसा बैंक ऑफ महाराष्ट्र में अभी जो शाखा व्यवस्थापक है उनके द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, जिसके चलते ग्राहकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राहकों को हो रही परेशानी को हल करने में बैंक असमर्थ दिख रही है।
>
> **–सुनील असाटी,** व्यापारी सालेकसा

> शाखा व्यवस्थापक को ग्राहकों की समस्या समझकर इसका उचित निराकरण करना चाहिये व ग्राहकों से सम्मान जनक व्यवहार करना चाहिए।
>
> **–विमल कटरे,** अध्यक्ष पोलिस दक्षता समिती सालेकसा

## पिछले तीन वर्षो से अवैध रेती ढुलाई करनेवाले वाहनों पर

# ४५ लाख ४९ हजार रुपए का बकाया





**संवाददाता सालेकसा –** राजस्व अधिनियम १९६६ की धारा १७४ व १८० वन विभाग शासन निर्णय क्र. २८९ के अनुसार वर्ष २०१८ से सालेकसा तहसील में अवैध रुप से रेती का उत्खन्न करनेवाले वाहनों पर अपील मामलों में अर्जदार की ओर से २५ प्रतिशत वाहनों को छुड़ाया गया। वहीं उपविभागिय अधिकारी देवरी के आदेश के बाद भी अब तक ७५ प्रतिशत वाहन मालिकों द्वारा उक्त राशि शासन के पास जमा नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार पिछले तीन वर्षो से अवैध रुप से रेती की ढुलाई करनेवाले वाहनों पर राजस्व विभाग के ४५ लाख ४९ हजार रुपए की राशि बकाया है, लेकिन इसके बावजूद बकाया राशि का भुगतान नहीं कर सरकार के राजस्व को चुना लगाया गया। जिसके चलते राजस्व विभाग ने तहसील प्रशासन को बची हुई शेष राशि तत्काल जमा करने के निर्देश दिए। तहसील में रेती की अवैध ढुलाई करनेवाले वाहनों में सालेकसा तहसील के ५२ वाहल मालिकों से राशि लेना शेष है तथा इस हेतु प्रशासन की ओर से संबंधित नायब तहसीलदार और सभी पटवारी के साथ ही ४ पुलिस कर्मचारियों का पथक बनाया गया है।

पिछले तीन वर्षो अब तक जिन लोगो ने बकाया राशि को जमा नहीं किया है ऐसे वाहनों को तहसील कार्यालय में जमा करने का आदेश दिया है। सालेकसा तहसील में पिछले तीन वर्षो से ५२ व्यक्तियों द्वारा उक्त राशि का भुगतान नहीं किया गया है। जिसमें ग्राम बोदलबोडी झालिया, सोनारतोला, पानगांव, शिंधीटोला, तिरखेड़ी साखरीटोला, आमगांव, खुर्द, लोहारा, बोरकन्हार, बामणी, बोलतलाब, भजेपार, जोशीटोला, गिरोला, धानोली, नेऊटोला, पीपरटोला, पानगांव, मशितोला, साखरीटोला, भानेगांव, मुंडीपार, नया पदमुर, सालेकसा, शिंदितोला गांव के लोगो का समावेश है। इन ५२ व्यक्तियों द्वारा ८९ ब्रास अवैध रेती चोरी की गई। संबंधित राजस्व विभाग व तहसीलदार द्वारा ३१ मार्च तक कितना राजस्व जमा किया गया और कितने वाहनों को तहसील कार्यालय में जमा किया गया इस ओर सभी का ध्यान लगा है।

> **बकाया राशि जमा नहीं होने पर वाहन जब्त**
>
> अवैध रेती की ढुलाई करनेवाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाई करने का अभियान शुरु है तथा इस हेतु नायब तहसीलदार, मंडलधिकारी, तहसीलदार के पथक तैयार किए गए है। जिन व्यक्तियों द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की गई है उनका वाहन तहसील कार्यालय में किया जाएगा।
>
> **– शरद कांबले,** तहसीलदार सालेकसा

## पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के प्रयासों से

# आवारीटोला में जल्द शुरु होगी पेयजलपूर्ति योजना



गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के तहत आनेवाला ग्राम गुदमा रेलवे लाईन से दो तरफ विभाजित है। ग्राम गुदमा में पेयजलपूर्ति योजना निर्मित होने के बावजूद ग्राम की आधी आबादी वाले आवारीटोला-जानाटोला बस्ती में शुद्ध पेयजलपूर्ति नहीं हो पा रही थी। अत: पिछले वर्षों में तत्कालीन विधायक गोपालदास अग्रवाल के प्रयत्नों से ग्राम आवारीटोला गुदमा में अतिरिक्त पेजयलपूर्ति योजना का निर्माण हुआ। लेकिन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध नहीं होने से अब तक योजना कार्यान्वित नहीं हुई है। इस संदर्भ में ग्राम के भाजपा कार्यकर्ता गौरीशंकर खोटेले, ग्राम पंचायत सदस्य देवंलाल भगत एवं जगने ने आवारीटोला- गुदमा पेयजलपूर्ति योजना में जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने का अनुरोध पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने किया। इस संदर्भ में उन्होंने कार्यकारी अभियंता वानखेडे तथा उप कार्यकारी अभियंता ग्रामीण क्षेत्र के जैसवाल से विद्युत कनेक्शन देने में हो रही देरी के बाबत संपूर्ण जानकारी ली तथा राज्य के उर्जा मंत्री डॉ. नितीन राऊत से इस संदर्भ में चर्चा कर उन्हें आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान रखते हुए प्राधान्यता से आवारीटोला (गुदमा) पेयजलपूर्ति योजना को विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की। जिसके पश्चात डॉ. राऊत ने विद्युत मंडल गोंदिया को तत्काल कार्यवाई करने के निर्देश दिए है।



# अवैद्य शराब अड्डों पर देवरी पुलिस ने मारा छापा

**गोंदिया –** पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे गोंदिया ने जिले के सभी थानेदारों को जिले में अवैद्य रुप से शराब की विक्री करनेवालों के खिलाफ कार्यवाई करने के आदेश दिए है। जिसके चलते ३० मार्च को रेवचंद सिंगनजुडे थानेदार देवरी अपने स्टॉफ के साथ गश्त लगा रहे थे। इसी दौरान पुलिस को मिली गोपनीय जानकारी के आधार पर ग्राम देवरी में एक दुपहिया वाहन में देशी दारु ले जाई जा रही है। ग्राम मरामजोब में एक व्यक्ति अपने दोपहिया वाहन को तेज गति से चलाते हुए जा रहा था जिसे पुलिस ने रोका तथा उसका नाम व गांव का पता पुछ वाहन की झड़ती ली तथा दो थैलो में अवैद्य रुप से रखी देशी शराब के १८ पव्वे कीमत ९३६, दोपहिया क्रमांक एमएच ३५- ए.के. ९२५८ कीमत २० हजार रुपए ऐसा कर कुल मिलाकर २० हजार ९३६ रुपए का माल बरामद किया। इस संदर्भ में आरोपी हेमराज पटकुराजनेताम (४०) निवासी पितांबरटोला के खिलाफ देवरी थाने में धारा ६५ (ई) महाराष्ट्र दारुबंदी कायदा के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसी प्रकार होमदेव शंकर गिन्हेपुंजे (४९) निवासी मुरदोली अपने पानठेले में अवैध दारु की विक्री करता है ऐसी जानकारी मिलने पर पुलिस की ओर से पानठेले की तलाश ली गई तथा डब्बे में रखे १७ नग देशी दारु के पव्वे कीमत ८८४ रुपए का माल बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा ६५ (ई), ७७ (अ) महाराष्ट्र दारुबंदी कायदा अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच परसमोडे कर रहे है। उक्त कार्यवाई पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे, जांलधर नालकुल उपविभागीय पुलिस अधिकारी आमगांव अति कार्य देवरी के मार्गदर्शन में पुलिसकर्मी सिंगनजुडे, उरकुडे, उईके, बोहरे, भांडारकर, बोपचे व चव्हाण की ओर से की गई।

# देवरी पुलिस की कार्यवाई जुंआ अड्डें में मारा छापा

**गोंदिया –** पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे ने अवैद्य रुप से धंधा करनेवालों के खिलाफ छापामार कार्यवाई करने की मुहिम छेड़ रखी है तथा इस हेतु जिले के सभी थानेदारों को आदेश भी दिया गया है। जिसके अंतर्गत ३० मार्च को देवरी पुलिस के थानेदार रेवचंद सिंगनजुडे अपने स्टॉफ के साथ गश्त लगा रहे थे। इसी दौरान पुलिस को गुप्त जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम डवकी में कुछ व्यक्तियों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुंआ खेला जा रहा है। जिसके आधार पुलिस की टीम ने उपरोक्त स्थान पर छापामार कार्यवाई की तथा ५ लोगो को जुंआ खेलते पकड़ा गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने ५२ तास पत्ती, फाड़ में लगाए गए नगदी ४०२० रुपए ऐसा मिलाकर कुल ४०३० रुपए का माल बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपियों में फुलीचंद मोहर चव्हाण (५२), प्रेमलाल बाबुलाल मनगटे (५०), मोरेश्वर यशवंत घासले (४०), दिपक सुरज फरदे (२८) सभी आरोपी निवासी डवकी व ग्राम शिलापुर निवासी पांडुरंग जयराम चुटे, (६५) का समावेश है। आरोपियों के खिलाफ देवरी थाने में धारा १२ (अ) महाराष्ट्र जुगार कायदा अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। उक्त कार्यवाई पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे, उपविभागीय अधिकारी जांलधर नालकुल आमगांव अति कार्य देवरी के मार्गदर्शन में पुलिसकर्मी सिंगनजुडे, उरकुडे, उईके, बोहरे, भांडारकर, बोपचे व चव्हाण की ओर से की गई। मामले की आगे की जांच पुलिसकर्मी उईके कर रहे है।

# भाजपा महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष मिश्रा ने ली बैठक



**गोंदिया –** नगर सेविका एवं महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष निर्मला मिश्रा ने अपने निजी निवास स्थान पर शहर के सभी महिला कार्यकर्ताओं के साथ बैठक ली तथा आगे की नीतियों पर चर्चाएं की। भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा पहले देश फिर दल फिर स्वयं की इस विचाराधारा पर काम करने के निर्देश दिए व महिलाओं को यह बताया कि जब-जब महिलाओं को जिम्मेदारियां दी गई है वह उन पर खरी उतरी है। सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने कंधे से कंधा मिलाकर साथ निभाने का वादा किया है। इस कार्यक्रम में शिक्षण सभापती अपसाना मुजीब पठान, नगर सेविका मौसमी सोनछात्रा, महामंत्री प्रमिला सिंद्रामे, नीलिमा मानिकपुरी, रुपाली रोकड़े, अंजु सरजारे, संध्या गंगभोज, नेहा मिश्रा, नेहा शर्मा, निशा बर्वे एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।


आवश्यकता है

गौशाला में गौ-सेवा के कार्य करने हेतु अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है। रहने व खाने की व्यवस्था के साथ ही योग्यतानुसार वेतन दिया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें...

बुलंद गोंदिया कार्यालय
जगन्नाथ मंदिर के पास, गौशाला वार्ड, गोंदिया
मो. : 9405244668, 7670079009
समय : दोपहर 12 से संध्या 5 बजे तक


स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया, ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया ४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित। संपादक : संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र. ९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है ऐसा नहीं है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया।